प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.......................

पहला विश्व श्रव्य –दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 आज से मुंबई में शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार दिन के सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वेव्स भारतीय संस्कृति को वैश्विक पटल पर लाने का एक मंच है। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा ने हमेशा से विश्व को प्रभावित किया है।

.....................

उन्होंने इससे पहले भारतीय सिने जगत से जुडी पांच मशहूर हस्तियों पर डाक टिकिट जारी किये। इनमें गुरूदत्त, पी भानूमति, राजखोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी शामिल है। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित किया। श्री वैष्णव ने कहा कि चार सौ करोड रूपये की लागत से मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित किया जाएगा। **सम्मेलन में बडी संख्या में क्रियेटर्स, वॉइस आर्टिस्ट्**स और सिनेमा से जुडी हस्तियां भाग ले रही है।

............................

अजमेर के डिग्गी बाजार स्थित एक होटल में आग लगने से एक बच्चे और एक महिला सहित चार लोग जिंदा जल गए। एसी का कंप्रेशर फटने के बाद आग लगने से हुई इस दुर्घटना में कई लोग झुलस गए। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। सभी का ईलाज जेएलएन अस्पताल में किया जा रहा है। इस होटल में बडी संख्या में जायरीन ठहरे हुए थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में मृतकों के परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। वहीं उदयपुर के गोगुंदा के पास एक सड़क हादसे में भीलवाडा पुलिस के एक कांस्टेबल की मृत्यु हो गई। हादसे में तीन अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। ये लोग गुजरात से किसी अभियुक्त की तलाश करके लौट रहे थे।

.........................

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस वर्ष की थीम है कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी श्रमिकों बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में लिखा कि विकसित भारत, विकसित राजस्थान के निर्माण में सभी श्रमिकों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। मजदूर दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। भीलवाडा में मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में श्रमिकों के लिए निशुल्क हृदय जांच शिविर लगाया गया है। पाली में श्रमिक संगठन की ओर से रैली निकाली गई। ये रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए गुजरी। भरतपुर में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में केन्द्र और राज्य सरकार की श्रमिकों के हित के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

....................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस परीक्षा, 2023 के साक्षात्कार के दूसरे चरण में शामिल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है। आयोग की उपसचिव चित्रा जैनानी ने बताया कि ये साक्षात्कार 5 मई से शुरू होंगे। 16 मई तक चलने वाले इन साक्षात्कारों में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक से इंटरव्यू लेटर डाउनलोड कर सकते है।

0................

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला मुम्बई इंडियन्स से होगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में ये मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। मैच में सभी की निगाहें फिर से 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर होंगी, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 35 गेंदों में रिकॉर्ड तोड़ शतक लगाकर क्रिकेट जगत को

चौंका दिया था। उनका प्रदर्शन राजस्था्न रॉयल्स के करो या मरो वाले मुकाबले में निर्णायक साबित हो सकता है।

.......................................